(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

समाज कल्याण विभाग तथा पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुत्याल राव) : (क) कार्यवाही योग्य सभी मामलों में अपराधियों पर कानूनी अदालतों में मुकदमें चलाये गए हैं। मुख्य मंत्रियों के एक सम्मेलन में इन घटनाओं पर विमर्ष हुआ और यह सहमति हुई कि विशेष सावधानी और तत्परता से ऐसे मामलों पर ध्यान दिया जाये।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के छात्रों के लिये विश्वविद्यालय छात्रवृत्तियां

4276. **श्री नाथूराम अहिरवार** : क्या **समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अनुसूचित जातियों, अनुसूचित आदिम जातियों तथा पिछड़े वर्गों के छात्रों के लिये वित्तीय वर्ष 1968-69 में राज्य सरकारों को, राज्यवार अलग अलग, विश्व-विद्यालय छात्रवृत्ति के रूप में कितनी राशि नियत की गई है ; और

(ख) क्या यह राशि पिछले वर्ष नियत की गई राशि से कम है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

समाज कल्याण विभाग तथा पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुत्याल राव) : (क) सभा पटल पर रखे गये विवरण पत्र में प्रत्येक राज्य के लिए नियतन बताया गया है। **[पुस्तकालय में रख दिया गया। देखिये संख्या** LT—1763/68]

(ख) नहीं, श्रीमान।

वालमीकि समुदाय के लोग

4277. **श्री ओम प्रकाश त्यागी** : क्या **समाज कल्याण** मंत्री 25 मार्च, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4975 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि वाल्मीकी समुदाय को शौचालयों की किसी भी ढंग से सफाई करने के घृणित कार्य से कब तक मुक्त किया जायेगा ?

समाज कल्याण विभाग तथा पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुत्याल राव) : खुश्क पाखानों के बनाये जाने पर प्रतिबन्ध लगाकर तथा उनके स्थान पर फ्लश पाखाने बनने के ही मल के शारीरिक तौर पर हटाने की क्रिया बन्द हो सकती है। इसमें बहुत धन खर्च होगा तथा नगरपालिकाओं सम्बन्धी और अन्य कानूनों का संशोधन करना होगा। इस कार्य के लिए वित्तीय संसाधन अभी नजर नहीं आते हैं। अतः अभी किसी विशेष समय-सीमा की ओर इंगित करना सम्भव नहीं है।

अस्पृश्यता उन्मूलन

4278. **श्री ओम प्रकाश त्यागी** : क्या **समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने अस्पृश्यता उन्मूलन के लिए सामाजिक संगठनों का सहयोग मांगा है क्योंकि इस बारे में कानून कारगर सिद्ध नहीं हुए हैं ; और

(ख) यदि हां, तो उन संगठनों के नाम क्या हैं और उनसे किस प्रकार का सहयोग प्राप्त हुआ है ?

समाज कल्याण विभाग तथा पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुत्याल राव) : (क) और (ख) : हरिजन सेवक संघ, भारतीय दलित वर्ग लीग, ईश्वर शरण